## व्हाइट हाउस के प्रौद्योगिकी सम्मेलन में दो भारतीय-अमेरिकी सीईओ ने शिरकत की

**वाशिंगटन, 07 दिसम्बर (ए)।** दो भारतीय-अमेरिकियों (माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला और गूगल के सुंदर पिचाई) ने व्हाइट हाउस द्वारा आयोजित प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन में शिरकत की। पिचाई और नडेला मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के समूह का हिस्सा थे। ट्रंप सरकार के इस कदम को सिलिकॉन वैली के साथ संबंधों को सुधारने के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े खतरों को देखते हुये नयी प्रौद्योगिकियों के निर्यात पर प्रतिबंध को कड़ा करने की सोच रही है। इसकी जद में क्वांटम कम्प्यूटिंग, आवाज की पहचान, क्लाउड एआई और अन्य प्रौद्योगिकियों से जुड़े उत्पाद आ सकते हैं। ये प्रौद्योगिकियां चीन में कारोबार में अहम भूमिका निभाती हैं।ट्रंप के सिलिकॉन वैली के साथ रिश्ते ठीक नहीं रहे हैं। दिसंबर 2016 में प्रौद्योगिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक में ट्रंप ने खुद को क्षेत्र के लिये सहयोगी के रूप में पेश किया था लेकिन बाद में उनका गूगल, फेसबुक और अमेजन जैसी कंपनियों से विवाद शुरू हो गया। कई कंपनियों के शीर्ष अधिकारी सार्वजनिक तौर पर ट्रंप की आव्रजन नीतियों की आलोचना कर चुके हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने पिचाई के हवाले से कहा,उभरती प्रौद्योगिकियों में अमेरिका के नेतृत्व के बारे में व्हाइट हाउस में आज हुयी हमारी चर्चा लाभदायक और आकर्षक रही।इस सम्मेलन का आयोजन ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप ने किया। गिन्नी रोमेट्टी (आईबीएम), सफरा कैट्ज (ओरेक्ल) और स्टीव मोल्लेनकोप्फ (क्वालकाम) समेत अन्य लोगों ने शिरकत की।शिखर सम्मेलन के बारे में अन्य जानकारी अभी नहीं मिली है। सम्मेलन में शामिल हुए सीईओ ने संवाददाताओं के सवालों का जवाब नहीं दिया।

## इंडिगो 200 विमान रखने वाली पहली भारतीय विमान कंपनी

**मुंबई, 07 दिसम्बर (ए)।** किफायती एयरलाइन इंडिगो ने कहा है कि वह ऐसी पहली घरेलू एयरलाइन बन गई है जिसके बेड़े में 200 विमान हैं। इंडिगो ने आंतरिक संवाद में बताया है कि उसके बेड़े में चार नए विमान शामिल हुए हैं जिनमें दो एयरबस ए320 सीओ और दो ए320 नियो हैं। इनके शामिल होने के साथ ही अब बेड़े में विमानों की कुल संख्या 200 तक पहुंच गई है। इंडिगो सबसे बड़ी घरेलू विमान कंपनी है। कुल घरेलू यातायात में उसकी हिस्सेदारी 40 फीसदी है। उसने अपने बेड़े में 100वां विमान 24 दिसंबर 2015 को शामिल किया था।

## कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती के लिये ओपेक, साझेदारों को कड़ी चुनौती का सामना करना होगा

**वियना, 07 दिसम्बर (ए)।** तेल निर्यातक देशों का संगठन ओपेक कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती के लिये शुक्रवार को रूस समेत 10 साझेदार देशों के साथ बैठक करेगा। संगठन को बृहस्पतिवार को हुयी बैठक में तेल की कीमतों में गिरावट को देखते हुये कटौती के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद थी। हालांकि, यह समझौता नहीं हो सका था। सऊदी अरब के पेट्रोलियम मंत्री खालिद अल-फलीह ने वियना में ओपेक की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, नहीं, मैं तेल उत्पादन में कटौती को लेकर समझौते पर आश्वस्त नहीं हूं। रूस के ऊर्जा मंत्री एलेक्जेंडर नोवाक ने सेंट पीटर्सबर्ग में बृहस्पतिवार को कहा, हमारी जलवायु परिस्थितियों के चलते अन्य देशों की तुलना में हमारे लिये कटौती करना ज्यादा मुश्किल है।इस बीच, सऊदी अरब को अमेरिका की ओर से मानसिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक ट्वीट कर ओपेक देशों से कच्चे तेल की कीमतें नहीं बढ़ाने की मांग की थी। अल-फलीह ने जोर देकर कहा कि हमें कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती के लिये किसी की इजाजत की जरुरत नहीं है। वहीं, सऊदी अरब के प्रतिद्वंद्वी और ओपेक के तीसरे सबसे बड़ा उत्पादक देश ईरान ने उत्पादन में भारी कटौती का पक्ष लिया है।

## एलएंडटी को मिले 2,547 करोड़ रुपये के ठेके

**नयी दिल्ली, 07 दिसम्बर (ए)।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) की निर्माण शाखा को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 2,547 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। एलएंडटी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बंबई शेयर बाजार को बताया, एलएंडटी के विद्युत पारेषण और वितरण कारोबार को 2,547 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर कारोबार को तंजानिया में 220 किलोवाट की पारेषण लाइन के निर्माण का काम मिला है। एलएंडटी ने कहा कि उसे अफ्रीका के उत्तरी क्षेत्र से दो ठेके और थाईलैंड में एक ऑर्डर मिला है। भारत में, एलएंडटी विद्युत पारेषण एवं वितरण कारोबार को झारखंड में 132 किलोवाट सबस्टेशन एवं सहायक पारेषण लाइन और पश्चिम बंगाल में 200 किलोवाट तथा 132 किलोवाट की पारेषण लाइन के निर्माण समेत कई ठेके मिले हैं।

## जगुआर लैंड रोवर की बिक्री नवंबर में 8 प्रतिशत घटी

**नयी दिल्ली, 07 दिसम्बर (ए)।** टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की खुदरा बिक्री नवंबर में गिरकर 48,160 वाहन रही। यह पिछले साल इसी महीने की तुलना में आठ प्रतिशत कम है। कंपनी ने कहा कि नवंबर महीने में चीन में उसकी बिक्री घटी है जबकि अन्य प्रमुख बाजारों में बिक्री में वृद्धि दर्ज की गयी है। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि उसके जगुआर ब्रांड की खुदरा बिक्री 8.9 प्रतिशत बढ़कर 14,909 वाहन पर पहुंच गयी। हालांकि, लैंड रोवर की बिक्री घटकर 33,251 वाहन रही। यह आंकड़ा पिछले साल नवंबर की तुलना में 14 प्रतिशत कम है।

# 634 करोड़ रुपए का मेगा फूड पार्क स्थापित करेगी पतंजलि

**अमरावती 07 दिसम्बर (ए)।** योग गुरु बाबा रामदेव का पतंजलि समूह आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में 634 करोड़ रुपए के निवेश से विशाल फूड पार्क की स्थापना करेगा। इसमें 33,400 लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क चिन्नारावपल्ली गांव में 172.84 एकड़ क्षेत्र में लगाया जाएगा।

रामदेव ने बृहस्पतिवार को दोपहर में मुख्यमंत्री नायडू से मुलाकात कर इस परियोजना पर चर्चा की। इस फूड पार्क मे प्रमुख प्रसंस्करण सुविधाओं मसलन ब्लास्ट फ्रीजर के साथ शीत भंडारगृह, मसालों और अनाज के लिए ग्रेडिंग पैकिंग सुविधा और ड्राई वेयरहाउस की स्थापना की जाएगी। इस दौरान योग गुरु ने कहा कि फूड पार्क से राज्य के किसानों को सीधे तौर पर लाभ होगा। किसानों को उनके उत्पाद का उचित दाम मिलेगा और प्रोसेसिंग होने से उत्पाद के खराब होने जैसी समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि फूड पार्क में 33,000 हजार अधिक लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा। इससे राज्य के राजस्व में भी इजाफा होगा। जानकारी के मुताबिक इस फूड और हर्बल पार्क में 45.20 करोड़ की लागत से जूस संयंत्र भी स्थापित किया जाएगा, जिससे रोजाना 1500 टन फलों का जूस निकाला जा सकेगा। वहीं दूसरी ओर राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने भी कुछ माह पहले कहा था कि राजस्थान को योग और आयुर्वेद का बड़ा केंद्र बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। आयुर्वेद पर राज्य सरकार ने करीब ढाई हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं। करौली में योग गुरु बाबा रामदेव की प्रेरणा से संचालित संस्थाओं द्वारा किया जा रहा निवेश इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। करौली आने वाले समय में मां कैलादेवी और मदनमोहन जी के साथ-साथ योग एवं आयुर्वेद के लिए भी जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव ने योग एवं आयुर्वेद को पूरे विश्व में लोकप्रिय बनाने का काम किया है।

## 'भगोड़े' भारतीयों को झटका, ब्रिटेन ने खत्म किया धनी लोगों के लिए गोल्डेन वीजा

**लंदन07 दिसम्बर (ए)।** ब्रिटिश सरकार ने धनी लोगों को दी जाने वाली गोल्डेन वीजा की सुविधा को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। ब्रिटेन में 76 भारतीय अरबपति भी इस वीजा सुविधा का लाभ उठाकर स्थायी रूप से वहां रह रहे हैं। सरकार के अनुसार दुरुपयोग की आशंका से इस वीजा सुविधा को निलंबित किया गया है।

ब्रिटेन में टीयर-1 स्तर के निवेशक भारतीयों को फास्ट ट्रैक रूट से यह वीजा दिया जाता है। ये ब्रिटेन में करोड़ों रुपए का निवेश करने की योजना के साथ वहां आते हैं। गोल्डेन वीजा की यह सुविधा शुक्रवार रात से निलंबित कर दी गई। अगले साल बनने वाले नए नियमों तक यह व्यवस्था निलंबित रहेगी। आधिकारिक आंकड़ों की मानें तो करीब 76 भारतीय करोड़पति, इस वीजा कैटेगरी का प्रयोग करते हैं। साल 2009 से यूके में स्थायी तौर पर बसने के लिए इस वीजा का प्रयोग किया जा रहा है। साल 2013 में इस वीजा के लिए सबसे ज्यादा 16 भारतीयों ने अप्लाई किया था तो पिछले वर्ष सात भारतीयों ने इसके लिए अप्लाई किया। ब्रिटेन की आव्रजन मामलों की मंत्री कैरोलिन नोक्स ने कहा है कि असली और वास्तविक निवेशकों के लिए उनके देश के द्वार खुले हुए हैं। ऐसे लोग ब्रिटेन आकर हमारी अर्थव्यवस्था और कारोबार को बढ़ावा देने में सहयोग कर सकते हैं लेकिन हम उन लोगों से सावधान हैं जो केवल नियमों का लाभ उठाकर अपने मतलब के लिए ब्रिटेन आ रहे हैं और यहां बस जा रहे हैं। ऐसे मतलबी लोगों को ध्यान में रखकर ही नियमों में बदलाव किए जाएंगे। इस योजना के जरिए कोई भी व्यक्ति 20 लाख पाउंड का निवेश ब्रिटेन में करने के बाद वहां रहने के लिए वीजा हासिल कर सकता था और 5 साल के बाद वहां अनिश्चितकाल तक अवकाश (आईएलआर) बिताने का हकदार बन जाता है।

## विदेशी बाजारों में मजबूती से सोने में 170 रुपये की तेजी, चांदी भी मजबूत

**नयी दिल्ली07 दिसम्बर (ए)।** विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच स्थानीय आभूषण निर्माताओं की मांग बढ़ने से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 170 रुपये चढ़कर 32,120 रुपये प्रति दस ग्राम हो गई। ऑद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की मांग बढ़ने से चांदी के भाव भी 25 रुपये बढ़कर 37,625 रुपये प्रति किलोग्राम हो गये। बाजार सूत्रों ने कहा कि शादियों के इस मौसम के दौरान स्थानीय आभूषण निर्माताओं की अधिक मांग के साथ वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने से सोने में तेजी आई।

दिल्ली सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 170 - 170 रुपये चढ़कर क्रमश~ 32,120 रुपये और 31,970 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। आठ ग्राम वजनी सोने की गिन्नी का भाव भी वृहस्पतिवार को 100 रुपये बढ़कर 24,900 रुपये प्रति इकाई हो गया। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में भी सोने का भाव बढ़कर 1,238.40 डॉलर प्रति ट्राय औंस तथा चांदी का भाव भी तेजी दर्शाता 14.39 डॉलर प्रति ट्राय औंस हो गया। दिल्ली में हाजिर चांदी 25 रुपये बढ़कर 37,625 रुपये प्रति किलोग्राम जबकि चांदी साप्ताहिक डिलीवरी का भाव 856 रुपये बढ़कर 37,250 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।

## बैंकों का सहयोग नहीं मिलने से निर्यात पर पड़ रहा असर: फेडरेशन आफ इंडिया एक्सपोर्ट

**नयी दिल्ली, 07 दिसम्बर (ए)।** निर्यातकों के संगठन फेडरेशन आफ इंडिया एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन (फियो) ने कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के असहयोग की वजह से निर्यात कारोबार प्रभावित हो रहा है। फियो के अध्यक्ष गणेश गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिना ऋण समर्थन के निर्यात बढ़ाना संभव नहीं है। गुप्ता ने मांग की कि देश का निर्यात बढ़ाने के लिए बैंक कर्ज के मुद्दे को जल्द सुलझाना जरूरी है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि सरकारी बैंकों के अधिकारी मसलन प्रबंध निदेशक, कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक और सहायक महाप्रबंधक निर्यातकों विशेषरूप से एमएसएमई क्षेत्र को सुलभ नहीं

होते। इससे निर्यातक आर्डर नहीं ले पा रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि वाणिज्य मंत्री सुरेश प्रभु निर्यात बढ़ाने के लिए काफी प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनके प्रयासों का तब तक कोई नतीजा नहीं निकलेगा जब तक कि बैंक निर्यातकों को उचित दर पर पर्याप्त कर्ज उपलब्ध नहीं कराते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार डिजिटल इंडिया पहल और कागज रहित लेनदेन को आगे बढ़ा रही है तो दूसरी तरफ बैंकों द्वारा छोटे कर्ज के लिये भी दस्तावेजों का बंडल, गारंटी दस्तावेज और अन्य कागज मांगे जा रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि सीमा के भीतर ऋण मंजूरी में कई कई महीने लग जाते हैं और जब तक मंजूरी मिलती है, हम आर्डर गंवा देते हैं। इस मुद्दे पर सरकार को तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसी तरह की समस्या बीमा निकाय ईसीजीसी से आ रही है। वे निर्यातकों को बीमा कवर देने से हिचकिचाते हैं। उन्होंने कहा कि वे हलकी वजहों से भी दावे को खारिज कर देते हैं। हम वाणिज्य मंत्री से इस मामले में तत्काल आधार पर गौर करने का आग्रह करते हैं।

## टायलैट सीट से 7 गुणा ज्यादा 'गंदा' है आपका मोबाइल फोन

**नई दिल्ली 07 दिसम्बर (ए)।** जो लोग अपने स्मार्टफोन्स को नीचे रखना गवारा नहीं करते, वे यह जानकर कि उसमें कितने कीटाणु होते हैं, डर कर उन्हें फैंक भी सकते हैं। एक अध्ययन में खुलासा किया गया है कि एक औसत मोबाइल फोन एक टायलैट सीट के मुकाबले लगभग 7 गुणा अधिक गंदा होता है। इसके लिए स्कैन की गई एक टायलैट सीट में 220 चमकदार बिन्दू दिखाई दिए जहां बैक्टीरिया मौजूद थे लेकिन एक औसत मोबाइल फोन में ऐसे ही बैक्टीरिया की संख्या 1479 थी।

यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन में बैक्टीरियोलॉजी के सेवानिवृत्त प्रो. ह्यू पेनिंगटन ने कहा कि एक स्मार्टफोन को पोंछना लगभग ऐसे ही है जैसे अपने रुमाल को कीटाणुओं के लिए जांचना। आपको उस पर जीवाणु मिलने की पूरी सम्भावना होती है क्योंकि दिन में कई बार आप फोन को अपने शारीरिक सम्पर्क में लाते हैं। उन्होंने कहा कि साल के सर्दियों के इस समय फोन्स पर 'नोरोवायरस' (उल्टियों के लिए जिम्मेदार) होंगे लेकिन स्मार्टफोन्स पर इस्तेमालकर्त्ता के खुद अपने बैक्टीरिया होंगे इसलिए बीमारी किसी अन्य व्यक्ति तक हस्तांतरित होने की सम्भावना कम होती है।

फूड प्वाइजनिंग तथा पेट के कीड़ों का कारण 2011 में लंदन स्कूल ऑफ हाईजीन एंड ट्रोपिकल मैडीसिन के वैज्ञानिकों ने पाया कि 6 में से एक मोबाइल फोन मल पदार्थ से दूषित था, जिसमें इ-कोली बग भी शामिल था जो फूड प्वाइजनिंग तथा पेट में कीड़ों का कारण बनता है। पिछले वर्ष उपभोक्ता की सुरक्षा करने वाली एक संस्था, जिसने 30 फोनों की जांच की, ने निष्कर्ष निकाला कि एक पर बैक्टीरिया स्तर से कहीं अधिक थे और अपने मालिक को पेट की गम्भीर बीमारी देने में सक्षम थे।

## मारपीट तक पहुंचा फोर्टिस के सिंह भाइयों का विवाद, एक-दूसरे पर लगाए हाथापाई के आरोप

**नई दिल्ली 07 दिसम्बर (ए)।** फोर्टिस से जुड़े हुए प्रोमोटर मलविंदर और शिविंदर सिंह के बीच झगड़ा तेज हो गया है। दोनों के बीच का मतभेद मारपीट तक जा पहुंचा है। बड़े भाई मलविंदर ने अपने छोटे भाई शिविंदर पर हमला करने का आरोप लगाया है, उधर शिविंदर ने उल्टा आरोप लगाते हुए कहा कि मलविंदर ने उनसे मारपीट की।

**मलविंदर ने शेयर की जखमों की तस्वीर:** मलविंदर ने एक विडियो भी पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा, आज 5 दिसंबर, 2018 को शाम छह बजे के बाद मेरे छोटे भाई शिविंदर मोहन सिंह ने 55 हनुमान रोड पर मेरे साथ दुर्व्यवहार किया और धमकी दी। उन्होंने मुझपर हाथ भी उठाया, मुझे चोट लगी, मेरी कमीज का एक बटन टूट गया, मुझे खरोंच आई। वह तब तक मुझसे उलझे रहे, जब तक लोगों ने उन्हें मुझसे अलग नहीं किया। शिविंदर से जुड़े सूत्रों ने कहा कि मलविंदर सिर्फ सहानुभूति के लिए ये काम कर रहे हैं। जब मलविंदर अपने स्टाफ के बयान रिकॉर्ड करने की कोशिश कर रहे थे तब ये हादसा हुआ। ये वीडियो गुरुवार रात को सामने आया। दिल्ली हाई कोर्ट में दायची सैंक्यो वाले मामले की सुनवाई से पहले ये वीडियो सामने आया है। हनुमान रोड पर ऑस्कर इन्वेस्टमेंट का ऑफिस है। दोनों भाईयों में महीनों से बातचीत नहीं हो रही है। स्टाफ दोनों को रिपोर्ट करता है। दोनों भाईयों की आरएचसी होल्डिंग में बराबर की हिस्सेदारी है।

**शिविंदर ने वापस ली थी याचिका:** इससे पहले शिविंदर ने अपने भाई के खिलाफ NCLT में आरएचसी में मिसमैनेजमेंट का आरोप लगाया था। बाद में उन्होंने ये अर्जी वापस ले ली। बाद में दोनों भाई ने मध्यस्त की सहायता से झगड़ा सुलझाने पर हामी भर ली थी। रैनबैक्सी परिवार में पारिवारिक झगड़ा नया नहीं है। इससे पहले निम्मी सिंह ने भी अपने बहनोई अनलजित सिंह से झगड़ा किया था।

## इंसेक्टिसाइड्स इंडिया ने किसानों के लिए किया शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन

**भोपाल,07 दिसम्बर 07 दिसम्बर (ए)।** फसलों के जारी मौसम में किसानों को खेती के सही तरीकों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अग्रणी कृषि रसायन उत्पाद निर्माता कम्पनी इंसेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड ने आज भोपाल के करीब स्थित गांव खजूरीकला में चना की खेती करने वाले किसानों के लिए शैक्षिक शिविर लगाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंसेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड के एजीएम मार्केट डिवेलपमेंट श्री संजय सिंह ने की।

उन्होंने बताया इस कार्यक्रम में यह बताया गया कि किसान वे अपनी भूमि की सेहत कैसे सुधार सकते हैं। साथ ही उन्होने आईआईएल के उत्पाद एनकाउंटर को भी प्रदर्शित किया। एनकाउंटर आईआईएल का एक प्रमुख उत्पाद है जो करीब सभी प्रमुख फसलों जैसे दालों, कपास और सब्जियों को सुंडियों और चूसक कीटों से कैसे बचाता है। उन्होंने बताया कि चना भारत में उगाई जाने वाली रबी की महत्वपूर्ण फसल है और मध्य प्रदेश इसके महत्वपूर्ण उत्पादकों में शामिल है। इस फसल के एक बडे हिस्से को कीटों की वजह से नुकसान पहुंचता है। हमने किसानों को भूमि की स्थिति में सुधार के महत्वपूर्ण जानकारियां दी और यह भी बताया कि वे कैसे सरकार की भूमि स्वास्थ्य कार्ड योजना का लाभ उठा सकते हैं। हम कायाकल्प के लिए भी किसानों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं, जो कि एक क्रांतिकारी पेटेंटेड बायोलॉजिकल उत्पाद है। इसे भूमि की सेहत में सुधार के लिए तैयार किया गया है। श्री सिंह ने आगे बताया कि इसके साथ ही हमने किसानों को एनकाउंटर की उपयोगिता भी दिखाई, यह एक नया उत्पाद है जिसे आईआईएल ने इसी साल बाजार में उतारा है। इस उत्पाद की सबसे खास बात यह है कि इसका छिडकाव फसलों पर एक समान मात्रा में किया जा सकता है क्योंकि यह पानी के साथ अच्छी तरह से घुल जाता है। साथ ही, किसान एनकाउंटर का छिडकाव फसलों के किसी भी अवस्था में कर सकते हैं।

इंसेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड के बारे में बताते हुए कहा कि एक बीएसई और एनएसई लिस्टेड कम्पनी है, एग्रोकेमिकल्स उत्पाद बनाने वाली भारतीय की टॉप 10 कम्पनियों में से एक है। आईआईएल 2017-2018 के दौरान 1109.63 करोड रुपये का कारोबार करके फ सल देखभाल बाजार में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली कम्पनी के तौर पर उभरी है। कम्पनी इस साल जोरदार तरीके से आगे बढ रही है। कम्पनी के पास प्रतिष्ठित ट्रैक्टर ब्रांड है, जो किसानो के बीच बेहद लोकप्रिय है।

कम्पनी के कई कृषि उत्पादों का यह संकलित ब्रांड इसके कृषक समुदाय के साथ गहरे रिश्ते को दर्शाता है। कम्पनी 100 से भी अधिक उत्पाद बनाती है जिनमें सबसे अधिक बिकने वाले उत्पादों में शामिल हैं लेथल, विक्टर, थिमेट, नुवान, मोनोसिल, एक्सप्लोद, मायकोराजा, पल्सर और हकामा। कम्पनी ने पिछ्ले साल एक नया हर्बिसाइड, ग्रीन लेबल लॉन्च किया है जो कि भारतीय किसानों के फायदे के लिए देश में पहली बार बना है।